मुख्यमंत्री ने कहा, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जल्द शुरू होगा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित केडीएसजी अस्पताल का उद्घाटन किया

यूपी ग्रोथ इंजन की भूमिका निभाने को तैयार : योगी

संबोधन

नोएडा, प्रमुख संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि पहले उत्तर प्रदेश अपनी पहचान के लिए मोहताज था। अब वह देश की अर्थव्यवस्था के लिए ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी भूमिका निभाने को तैयार है। मुख्यमंत्री ने ये बातें ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित केडीएसजी अस्पताल के उद्घाटन के मौके पर कहीं।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान में गौतमबुद्ध नगर में देश में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग का लगभग 55 प्रतिशत उत्पादन और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स का लगभग 60 प्रतिशत निर्माण हो रहा है। यहां फिल्म सिटी बन रही है और मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जा रहा है। लॉजिस्टिक्स और कार्गो का एक बड़ा केंद्र भी इस जनपद में विकसित हो रहा है। भारत का सबसे बड़ा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर में जल्द ही शुरू होने वाला है। यह पूरा क्षेत्र विकास की नई आभा के साथ देश में सर्वाधिक प्रति व्यक्ति आय वाले क्षेत्रों में अपना स्थान बना रहा है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले की तरह यूपी वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफिया के रूप में नहीं जाना जाता, बल्कि उत्तर प्रदेश में 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज' और 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' की व्यवस्था लागू की गई है। प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। अब हम 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन क्विजीन' (एक जिला, एक व्यंजन) की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं। साल 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सरकारी क्षेत्र के केवल 17 मेडिकल कॉलेज ही संचालित थे।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गुरुवार को अस्पताल के उद्घाटन के मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। साथ में हैं उत्तर प्रदेश के मंत्री बृजेश सिंह, पूर्व क्रिकेटर कपिल देव और अन्य। • हिन्दुस्तान

सीएम ने संघ पदाधिकारियों के सुझाव जाने

बैठक

गाजियाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बताया जा रहा है कि ढाई घंटे तक चली बैठक में सरकार और संघ के बीच समन्वय और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने संघ के पदाधिकारियों से सरकार का फीडबैक लिया। साथ ही, संघ पदाधिकारियों के सुझाव भी जाने। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गाजियाबाद में आरएसएस की दृष्टि से मेरठ प्रांत (मेरठ, मुरादाबाद और सहारनपुर मंडल) के 30 से अधिक अधिकारियों के साथ बंद कमरे में करीब ढाई घंटे तक चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद संघ पदाधिकारियों के साथ भोजन भी किया।

जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नहीं : सीएम

जनता दर्शन

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में फरियादियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। होली के बाद गुरुवार को आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने 200 से अधिक लोगों की शिकायत सुनी और जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अफसरों को चेताया कि जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नहीं है।

गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं और समाधान को लेकर आश्वस्त किया।

सीएम ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता करें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं।

02 सौ से अधिक लोगों की मुख्यमंत्री ने पीड़ा सुनी

योगी ने पाकिस्तान की तुलना बीमारी से की

योगी ने पाकिस्तान की तुलना बीमारी से की। उन्होंने कहा कि जब कपिल देव भारतीय टीम के कप्तान थे और बॉलिंग करते थे, तो विरोधी पाक की टीम आधा मैच वहीं हार जाती थी। अगर बीमारी की तुलना पाक से कर लें और डॉक्टर के रूप में कपिलदेव वहां रहे तो आधी बीमारी डॉक्टर को देखकर ही खत्म हो जाएगी। कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती और विश्वसनीय होनी चाहिए। निजी क्षेत्र में कुछ अस्पतालों में मनमाने रेट लिए जाते हैं, ऐसा न हो।